कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर

(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)

क्रमांकः– एफ.29 ( )अधि,अभि,प्रो / ननिज है / 2022–23 / **दिनांकः–**

हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा ने आयोजित की कार्यशाला

नालियों में पानी इकट्ठा नहीं हों, रोज सफाई कर मच्छरों को नहीं पनपने दे

जयपुर। मानसून की बारिश के पानी से मच्छरजनित बिमारियों के होने का खतरा बन जाता है। नालियों में बारिश का पानी जमा नहीं हों, इसके लिए गुरूवार को हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सफाईकर्मियों को मच्छर नहीं पनपने देने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग से आई डा निर्मला ने बताया कि बारिश का पानी छोटी नालियों में रूक जाता है। जिसकी समय पर सफाई नहीं करने से वहां मच्छर पैदा हो जाते है। जिससे कई बिमारियां हो जाती है। ऐसे में सफाईकर्मियों को नालियों की अच्छी तरह विशेष सफाई करनी चाहिए। इसके अलावा घरों में भी पानी ज्यादा दिन इकट्ठा नहीं रहे। इसके लिए लगातार मॉनिटिरिंग करनी होगी। हमें किसी भी मच्छर का लार्वा उत्पन्न नहीं होने देना है। कार्यशाला में हेरिटेज निगम के उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डा सोनिया अग्रवाल सहित अन्य निगमकर्मी भी मौजूद रहे।

जिन घरों के बाहर गंदा पानी इकट्ठा, उनका काटें चालान

हेरिटेज निगम उपायुक्त सोहन सिंह ने कहा कि मानसून में मच्छरजनित बिमारियां जानलेवा भी हो सकती है। इसके लिए थोडी सख्ती से यदि किसी के प्राण भी बच रहें है तो सख्ती बेहतर है। सभी वार्ड निरीक्षण गलियों की नालियां साफ हों, इसका विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा जिन घरों के बाहर गंदा पानी इकट्ठा हों, उन्हें समझाएं, नहीं मानने पर चालान भी करें। उपायुक्त सोहन नरूका ने बताया कि
हेरिटेज निगम मुख्यालय से भी अधिकारी वार्डों में जाकर निरीक्षण करेंगे। उन्होंने आमजन से भी घरों में पानी ज्यादा दिन तक इकट्ठा नहीं करने की अपील की।

नगर निगम जयपुर हैरिटेज
प्रधान मंत्री आवास योजना–शहरी
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

नगर निगम जयपुर हैरिटेज
3R
प्रधान मंत्री
आवास योजना–शहरी
प्रधानमंत्री आवास योजना(श
लाभार्थियों हेतु निकाय स्तर पर
दिनांक - 25.06.202
समय - प्रातः 11.00
स्थान - मीटिंग हॉल (
नगर निगम जयपुर हैरिटेज
स्वच्छ
सर्वेक्षण
#MeraSheharMeriPehchan